pan>

Title: Demand to construct underpass/overbridge at railway crossings in Kant in Moradabad Parliamanetary Constituency.

डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद): सर, बहुत-बहुत शुक्रिया ।

सर, मैं अपने क्षेत्र मुरादाबाद कंस्टीटुअन्सी की क्षेत्र कांठ की एक समस्या की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ । कांठ से एक हाइवे गुजरता है, जो हरिद्वार होते हुए उत्तराखंड के बहुत ऊपर के क्षेत्रों तक चला जाता है । कांठ घनी आबादी का एक क्षेत्र है । इस क्षेत्र के अंदर दो जगहों पर रेलवे क्रॉसिंग हैं । वहाँ जाम लग जाता है । जब गन्ने की ढुलाई होती है तो उस वक्त बहुत लंबा-चौड़ा जाम लग जाता है ।

सर, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि ये क्रॉसिंग्स काफी करीब-करीब हैं । यहाँ पर जल्द से जल्दी अण्डरपास या ओवरब्रिज बनाने का कष्ट करें । मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से यह भी कहना चाहता हूँ कि आप जहाँ भी अण्डरपास बना रहे हैं, अगर वहाँ पर आप रेन वाटर हार्वेस्टिंग का काम कर दें तो पानी लॉगिंग नहीं होगा । वह पानी ग्राउण्ड वाटर सिस्टम से चला जाएगा । इसके लिए मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूँ ।